भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 942**

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 02 दिसंबर, 2024

11 अग्रहायण, 1946 (शक)

**तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर का रखरखाव**

**942. श्री मुरसोली एस.:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर के कतिपय भागों की जीर्ण-शीर्ण स्थिति की जानकारी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर के रख-रखाव के लिए वर्ष 2019 से अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर के पुनरूद्धार कार्य के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर के संवर्धन के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**

**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): तंजावुर स्थित बृहदेश्वर मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का केंद्रीय संरक्षित स्मारक है और यह यूनेस्कों विश्व धरोहर स्थल भी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित रूप से रख-रखाव, संरक्षण और पुनरूद्धार संबंधी कार्य करता है।

(ख): वर्ष 2019 से तंजावुर बृहदेश्वर मंदिर के अनुरक्षण और रख-रखाव पर आवंटित और किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि लाख रू.में)

| क्र. सं. | वर्ष | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|---|
| 1. | 2019-20 | 23.60 | 23.60 |
| 2. | 2020-21 | 15.38 | 15.38 |
| 3. | 2021-22 | 8.50 | 8.50 |
| 4. | 2022-23 | 93.01 | 93.01 |
| 5. | 2023-24 | 136.00 | 136.00 |
| 6. | 2024-25 | 20.69 | 20.69 |

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, स्मारकों की जरूरत और आवश्यकताओं के अनुसार केंद्रीय संरक्षित स्मारकों का वार्षिक अनुरक्षण और रख-रखाव सहित संरक्षण संबंधी कार्य करता है।

(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पर्यटकों को बढ़ावा देने और उन्हें आकर्षित करने के लिए मंदिर परिसर के प्रदीप्तिकरण के अलावा, समय-समय पर और विशेषकर विश्व धरोहर दिवस, विश्व धरोहर सप्ताह और विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता है।

*****